हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 24 अक्टूबर, 2025

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 15.6 डिग्री

12 एमपीएचई कल करेगा प्रदेश में ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार



12 जन सेवा समिति ने श्रद्धालुओं को अन्नकूट का प्रसाद बांटा



## खबर संक्षेप

### फूड सप्लीमेंट भेजने के नाम पर डेढ़ लाख की ठगी

**हांसी।** फूड सप्लीमेंट भेजने के नाम पर एक युवक के साथ डेढ़ लाख की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। साइबर क्राइम पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।ढाणी ठाकरिया निवासी अंकुश ने बताया कि उसके साथ ठगी 31 जुलाई 2025 से 2 अगस्त 2025 के बीच हुई। आरोपी ने खुद को व्यापारी बताकर अंकुश से संपर्क किया और फूड सप्लीमेंट भेजने का झांसा देकर उससे पैसे मंगवा लिए।

### पूर्व सांसद की सद्भाव यात्रा आज उकलाना में

**उकलाना।** पूर्व सांसद बृजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में चल रही कांग्रेस की सद्भाव यात्रा 24 अक्टूबर को हिसार जिले के उकलाना विधानसभा क्षेत्र से पहुंचेगी। कांग्रेस नेता उदयवीर पूनिया ने बताया कि यात्राउकलाना मंडी से शुरू होकर बुढाखेड़ा, प्रभुवाला, लितानी मोड़, कल्लर भैणी, गैबीपुर से होती हुई बरवाला शहर पहुंचेगी। रात्रि ठहराव बरवाला की नई अनाजमंडी स्थित श्रीकृष्ण धर्मशाला में रहेगा। यात्रा 25 को उकलाना हलके में पहुंचेगी।

### हेरोइन सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** नशा निरोधक पुलिस टीम ने हेरोइन सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान दड़ौली रोड आदमपुर निवासी देवेंद्र उर्फ़ डीके के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी से 3 ग्राम 990 मिलीग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपी देवेंद्र पूर्व में भी मामलों में नामजद रह चुका है और नशे के कारोबार में सक्रिय रूप से लिप्त है। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को उसके घर के सामने से काबू किया, जब वह हेरोइन बेचने की फिराक में था।

### लोडेड अवैध पिस्तोल सहित एक गिरफ्तार

**हिसार।** सीआईए टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कनोह–सिंडोल रोड से एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 32 बोर का एक लोडेड अवैध पिस्तोल व तीन जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। मुख्य सिपाही रविन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर कनोह–सिंडोल रोड स्थित ईंट भट्टे के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर पूछताछ की। उसने अपना नाम कनोह निवासी सुमित उर्फ साका बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध पिस्तोल बरामद हुई।

### बुजुर्ग की अंगूठी निकाल कर स्कूटी सवार फरार

**हिसार।** शहर के मिलगेट एरिया क्षेत्र विनोद नगर में स्कूटी पर आए दो अज्ञात युवक ढाणी गारन निवासी शीशपाल के हाथ से सोने की अंगूठी निकालकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि ढाणी गारन निवासी शीशपाल विनोद नगर में अपने बेटे श्यामसुंदर के पास आए हुए थे। वे अपने पोता-पोती को जिंदल पार्क में घुमाने ले गए। वे पार्क में घूमने के बाद वापस लौट रहे थे कि रास्ते में स्कूटी सवार युवकों ने यह वारदात कर डाली। एचटीएम थाना पुलिस ने केस दर्ज करके छानबीन आरंभ कर दी है।

### नगर निगम की बैठक अब तीन नवंबर को

**हिसार।** नगर निगम की साधारण सभा की बैठक अब 3 नवंबर को होगी। पहले यह बैठक 29 अक्टूबर को सुबह 11 बजे होनी थी। बैठक का समय यथावत रहेगा। मेयर प्रवीण पोपली के निर्देशानुसार बुलाई जा रही बैठक में नगर पार्षदों से विकास कार्यों की सूची, समस्याएं व सुझाव मांगे गए हैं ताकि इन्हें आगामी हाउस की बैठक के लिए एजेंडा तैयार किया जा सके।

## मेयर पोपली ने वार्ड 9 से किया बधियाकरण अभियान का शुभारंभ

# शहर के पांच हजार आवारा कुत्तों का होगा बधियाकरण, अभियान शुरू

### संतुलन जीव कल्याण एजेंसी छह माह में पूरा करेगी टारगेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या व इन कुत्तों द्वारा लोगों को काटने व हमला करने जैसी घटनाओं पर रोक के लिए नगर निगम ने शहर के पांच हजार कुत्तों का बधियाकरण करवाने का निर्णय लिया है। इसके लिए जयपुर की संतुलन जीव कल्याण एजेंसी को कार्य दिया गया है। कुत्तों के बधियाकरण का कार्य गुरुवार से शुरू कर दिया गया। मेयर प्रवीण पोपली ने वार्ड 9 स्थित आनंद निकेतन कॉलोनी से बधियाकरण अभियान का शुभारंभ किया। नगर निगम द्वारा दिए गए कार्य के अनुसार जयपुर की संतुलन जीव कल्याण एजेंसी ने शहर से 5 हजार आवारा कुत्तों का बधियाकरण करना शुरू कर दिया है। एजेंसी के अनुसार इस कार्य को करने में लगभग 6 माह का समय लगेगा। एजेंसी पूर्ण रूप से नियमों का पालन करते हुए कुत्तों का बधियाकरण करेगी। एजेंसी के दो डॉक्टर और आठ कर्मचारी यह कार्य करेंगे।





हिसार। कुत्तों को पकड़ते एजेंसी के कर्मचारी व कुत्तों के बधियाकरण अभियान को शुरू करवाते मेयर प्रवीण पोपली। फोटो : हरिभूमि

**कुत्तों के काटने के मामले**

| साल | संख्या |
|---|---|
| 2012 | 4516 |
| 2013 | 9400 |
| 2014 | 7224 |
| 2015 | 9491 |
| 2016 | 8063 |
| 2017 | 10454 |
| 2018 | 11443 |
| 2019 | 14766 |
| 2020 | 2173 |
| 2021 | 1681 |
| 2022 | 4310 |
| 2023 | 6538 |
| 2024 | 6718 |
| 2025 | 6811 |

### ये डॉक्टर करेंगे कार्य

डॉ. प्रवेश कुमार व डॉ. नवीश नेहरा कुत्तों के वैक्सीनेशन, बधियाकरण का कार्य करेंगे। कुत्तों के बधियाकरण की यह प्रक्रिया पूरी तरह वैज्ञानिक और सुरक्षित होगी, जिससे कुत्तों को किसी प्रकार की हानि नहीं होगी। यह प्रक्रिया न केवल उनकी संख्या को नियंत्रित करने में मदद करेगी, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक साबित होगी।

### उसी स्थान पर वापस छोड़े जाएंगे कुत्ते

एजेंसी द्वारा पकड़े गए कुत्तों को बधियाकरण और रेबीज टीकाकरण के बाद उसी स्थान पर वापस छोड़ा जाएगा, जहां से उन्हें उठाया गया था। इससे न केवल कुत्तों की प्राकृतिक जीवनशैली बनी रहेगी, बल्कि शहर में उनकी गतिविधियों पर भी नियंत्रण रहेगा।

### निगम ने की आवश्यक व्यवस्थाएं

नगर निगम ने पहले से ही आवश्यक व्यवस्थाएं कर ली हैं। निगम के स्लॉटर हाउस परिसर में एजेंसी ने एक आधुनिक लैब तैयार की है, जहां प्रशिक्षित चिकित्सकों की देखरेख में कुत्तों का बधियाकरण और टीकाकरण किया जाएगा। यह लैब सभी आवश्यक सुविधाओं से लैस है और पशु कल्याण के मानकों के अनुरूप कार्य करेगी।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, सीएसआई राजकुमार, एएसआई कपिल, पार्षद शीला देवी, पार्षद मनोहर लाल, पार्षद संजय डालमिया, पूर्व पार्षद जयप्रकाश, मिल गेट मंडल अध्यक्ष बनवारी लाल, महामंत्री पीतांबर, आरडब्ल्यूए से नरेश सहित स्थानीय निवासी और एजेंसी के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### संख्या नियंत्रित होगी, बीमारियां रुकेंगी

टीम के चिकित्सकों के अनुसार बधियाकरण अभियान न केवल शहर में आवारा कुत्तों की संख्या को नियंत्रित करेगा, बल्कि रेबीज जैसी खतरनाक बीमारियों के प्रसार को भी रोकने में मदद करेगा।

### भविष्य में भी जारी रहेंगे प्रयास

इस अवसर पर मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि नगर निगम भविष्य में भी ऐसे प्रयास जारी रखेगा ताकि शहरवासियों को एक सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण मिल सके। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे निगम के इस अभियान में सहयोग करें, कुत्तों के साथ दुर्व्यवहार न करें और संबंधित जानकारी निगम टीम को उपलब्ध कराएं।

### कुत्तों को नुकसान पहुंचाना उद्देश्य नहीं

मेयर ने कहा कि निगम का उद्देश्य कुत्तों को नुकसान पहुंचाना नहीं, बल्कि उनकी आबादी को मानवीय तरीके से नियंत्रित करना है। इस पहल से न केवल शहर में आवारा कुत्तों से जुड़ी घटनाओं में कमी आएगी, बल्कि इंसानों और पशुओं के बीच संतुलन भी बना रहेगा। नगर निगम के इस अभियान से उम्मीद है कि आने वाले कुछ महीनों में शहर की सड़कों पर आवारा कुत्तों की संख्या में स्पष्ट रूप से कमी देखी जाएगी और शहरवासियों को इससे राहत मिलेगी। मेयर प्रवीण पोपली ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में शहर में आवारा कुत्तों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है, जिससे लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### 24 बेसहारा पशुओं को भेजा गो-अभ्यारण

बेसहारा पशुओं को पकड़ने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत नगर निगम ने गुरुवार को को कार्रवाई करते हुए शहर के विभिन्न इलाकों से कुल 24 आवारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण्य भेजा। इस अभियान का संचालन नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की निगरानी में किया गया। अभियान में पुलिस की टीम मौजूद रही। एएसआई संदीप बिश्नोई ने बताया कि कैमरी रोड, आदि क्षेत्रों से बेसहारा पशुओं को गौ-अभ्यारण्य पहुंचाया गया।

## शव की नहीं हुई शिनाख्त

# प्लॉट में बने बिना दरवाजे के कमरे में मिला युवक का शव

- पुलिस मृतक के शव की शिनाख्त करवाने में जुटी

**बरवाला।** वार्ड नं. 14 अग्रोहा रोड पर रेलवे फाटक के समीप एक प्लॉट में बने एक बिना दरवाजे के कमरे में एक युवक की लाश मिली है। जिसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने सूचना पाते ही मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर कार्रवाई आरंभ कर दी है। सूचना पाते ही सीन ऑफ क्राइम टीम और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। मौके पर मौजूद जांच अधिकारी एसआई मेनपाल ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 30 वर्ष है और यह लाश एक-दो दिन पुरानी लग रही है। मृतक के हाथ पर राजू गुदा हुआ है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए हिसार नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया गया है। पुलिस मृतक के शव की शिनाख्त करवाने में जुटी हुई है।



बरवाला। सीन आफ क्राइम टीम व फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और पुलिस मौके पर कार्रवाई करते हुए।

## अधिकारियों पर सुनवाई नहीं करने का आरोप

# गंदगी से परेशान सेक्टर 21पी मेला ग्राऊंड क्षेत्र के निवासी

- स्वास्थ्य सम्बंधी समस्यायों से जूझ रहे हैं लोग

**हिसार।** शहर के सेक्टर 21पी मेला ग्राऊंड क्षेत्र के लोग लंबे समय से क्षेत्र में फैली गंदगी से परेशान हैं। क्षेत्रवासियों ने अनेक बार एचएसवीपी व नगर निगम के अधिकारियों से शिकायत की है परंतु आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई, लोग स्वास्थ्य सम्बंधी समस्यायों से जूझ रहे हैं। क्षेत्र वासियों विनय मोहन, विजयपाल, मानसिंह, पवन आदि के अनुसार मेला ग्राऊंड क्षेत्र, सेक्टर 21पी के पश्चिम दिशा और नई सब्जी मंडी के पूर्व दिशा में लगभग 5-6 एकड़ का क्षेत्र, जो कि जमीन से कुछ नीचा होने के कारण प्रशासन ने इस जगह को कूड़ा-कर्कट एकत्र करने का केंद्र बना दिया है। यहां एकत्र हुआ कूड़ा, जलाए गये कूड़े के कारण इससे उठने वाली बदबू से आने वाली जहरीली हवा के कारण आसपास के निवासियों को श्वास सम्बंधी बीमारियां होने लगी हैं। इधर सरकार स्वच्छ भारत अभियान को पूरे साधनों को जुटाकर लक्ष्य प्राप्ति की ओर अग्रसर है।



हिसार। सेक्टर 21पी मेला ग्राऊंड क्षेत्र में फैली गंदगी। फोटो : हरिभूमि

### बुजुर्ग की मौत, बेटी ने जड़ा हत्या का आरोप

**हिसार।** निकटवर्ती गांव कैमरी में गली के रास्ते के विवाद के चलते लगभग 81 वर्षीय गुरदियाल की मौत हो गई। मृतक की बेटी मंजू ने उसके दो चचेरे भाइयों सहित तीन चार अन्य पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से केस दर्ज करके कार्रवाई की मांग की है। इसी के चलते मृतक की बेटी व अन्य परिजनों ने पोस्टमार्टम करवाने से भी इनकार कर दिया। मंजू गुरदियाल की इकलौती बेटी है और वह शादीशुदा है। मंजू का बेटा सुमित नाना गुरदियाल के पास ही रहता है। परिजनों ने बताया कि गुरुवार को मंजु, उसका बेटा सुमित व गुरदियाल घर में थे। गुरदियाल के दो भतीजों ने कल ईंटें मंगवाकर गली में डलवा ली। दोनों भतीजों ने आज मिस्त्री से गली में दीवार बनवानी शुरू कर दी। यह देखकर गुरदियाल ने विरोध किया तो दोनों भतीजे तैश में आ गए और उन्होंने घर के अंदर गुरदियाल के साथ मारपीट की। बेटी मंजू व दोहते सुमित ने बीचबचाव का प्रयास किया।

## घरों में की जा रही तैयारियां : पांडेय

# नहाय-खाय के साथ कल छठ महापर्व, मुख्य पर्व 27 को

- 28 को प्रातः सूर्य को अर्घ्य देकर महापर्व सम्पन्न हो जाएगा

**हिसार।** पूर्वांचल जन कल्याण संगठन समिति के तत्वावधान में जिंदल पार्क, मिल गेट स्थित जिंदल सरोवर में चार दिवसीय छठ महापर्व का आयोजन किया जाएगा। लोक आस्था का छठ महापर्व 25 अक्टूबर को प्रातः नहाय खाय के साथ शुरु हो जाएगा। अनुष्ठान के दूसरे दिन 26 अक्टूबर को खरना करेंगे। 27 अक्टूबर को अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को त्रिवेणी के जल से अर्घ्य दिया जाएगा। 28 अक्टूबर को प्रातः उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर महापर्व सम्पन्न हो जाएगा। महापर्व को धूमधाम से मनाने को लेकर घरों में तैयारियां की जा रही हैं। बाजारों में खरीददारी की जा रही है।



हिसार। जिंदल सरोवर में पानी भरने के काम का निरीक्षण करते समिति सदस्य।

### जिंदल सरोवर में पानी भरने का काम शुरू

समिति के प्रधान विनोद साहनी ने बताया कि सूर्य षष्ठी महायज्ञ के यजमान समाजसेवी सुशील सोनी, ऋषि नगर वाले रहेंगे। जिंदल सरोवर में पानी भरने का काम शुरु कर दिया है। समिति के सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर सरोवर का निरीक्षण किया। पर्व की तैयारियों के लिये पूर्वांचल समाज के लोग तन, मन व धन से लगे हुए हैं।

### किसान सभा का धरना 27 को

**आदमपुर।** जलभराव, सेम व ओलावृष्टि से बबार्द फसलों का मुआवजा, सभी फसलों की सरकारी खरीद, खाद की पूरी सप्लाई, खेत मजदूर को उचित मुआवजा, दरक चुके मकानों का मुआवजा आदि मागों को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी की मीटिंग तहसील प्रधान कपूर सिंह बगला की अध्यक्षता मे सम्पन हुई।

तहसील सचिव सतबीर सिह धायल ने कहा कि आदमपुर तहसील मे हज़ारों एकड़ जमीन में जलभराव, सेम व ओलावृष्टि से खरीफ फसले बर्बाद हो चुकी है। किसान सभा किसान व मजदूरों की 20 सूत्रीय मांगों को लेकर 27 अक्टूबर से तहसील परिसर आदमपुर मे धरना देगी, यदि सरकार ने मागें नही मानी तो धरने को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया जाएगा। कमेटी के सचिव राहुल यादव से मिले और मंडी में धान की सरकारी खरीद शुरू करवाने के लिए सचिव का आभार जताया।

## समाधान शिविर में आमजन ने रखी शिकायतें

# मिर्चपुर में तालाब की भूमि पर कब्जे, कार्रवाई के दिए निर्देश

- लघु सचिवालय परिसर में समाधान शिविर का आयोजन

**हिसार।** लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में गुरुवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगराधीश हरिराम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ नागरिकों समस्याओं को सुनकर समाधान के निर्देश दिए। गांव लाडवा निवासी रघुबीर सिंह ने महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के रिहायशी प्लाटों की निशानदेही करवाने व गांव मिर्चपुर निवासी रामानंद द्वारा तालाब की भूमि पर अतिक्रमण हटवाने की शिकायत पर नगराधीश हरिराम ने जिला विकास एवं पंचायत के अधिकारियों को इस मामले पर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



हिसार। समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते नगराधीश हरिराम।

### निर्देश दिए

बिजेंद्र सिंह ने धान की सीधी बिजाई खरीफ 2025 की लाभ राशि दिलवाने बारे मांग रखी, जिस पर नगराधीश हरिराम ने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारियों को मामले की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पटेल नगर निवासी सतीश कुमार ने हिसार आरयूबी से डॉ बीआर अम्बेडकर छात्रावास हरिराम कॉलोनी तक सड़क उखाडने वाले निगम ठेकेदार पर कार्रवाई करने बारे शिकायत दी।

### सेवा, संस्कार और सद्भाव के मार्ग पर चलना ही सच्चा योग

**उकलाना।** प्रसिद्ध योगाचार्य स्वामी कर्मवीर महाराज गुरुवार को उकलाना पहुंचे। यहां उन्होंने मीनू फोटो स्टूडियो पर पहुंचकर पुण्यकिर्ति शर्मा व उनके परिवार को आशीर्वाद दिया।

इस अवसर पर योगाचार्य स्वामी कर्मवीर ने फोटोग्राफर संघ आत्मीय भेंट कर उनके कार्य की सराहना की। यात्रा के दौरान उन्होंने भारत विकास परिषद की गतिविधियों को लेकर भी चर्चा की और संस्था द्वारा किए जा रहे समाजसेवी कार्यों की सराहना की।

योगाचार्य स्वामी कर्मवीर ने कहा कि सेवा, संस्कार और सद्भाव के मार्ग पर चलना ही सच्चा योग है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे योग और समाजसेवा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। इस मौके पर पुण्यकीर्ति शर्मा, मुकेश शर्मा, मोनू शर्मा, आचार्य दीपक आदि मौजूद थे।

## समाधा मंदिर परिसर में पौधरोपण किया

# शहीदों के सम्मान में पुलिस ने चलाया स्वच्छता अभियान

- समाज में स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन के नेतृत्व में शहीद पुलिसकर्मियों के सम्मान में गुरुवार को हांसी पुलिस जिला के सभी थानों, चौकियों और कार्यालय परिसरों में पौधरोपण एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य शहीदों की अमर गाथा को स्मरण करना और समाज में स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना है।

इस अवसर पर थाना प्रभारियों सहित सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एकजुट होकर शहीदों के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए और उनकी वीरता को नमन किया। सभी ने शपथ ली कि वे अपने कर्तव्यों का पालन निष्ठा, ईमानदारी और देशभक्ति के साथ करते हुए शहीदों के आदर्शों पर चलेंगे। अभियान के दौरान थाना परिसरों, पुलिस लाइनों तथा आस-पास के क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर साफ-सफाई की गई।



हांसी। शहीदों की याद में समाधा मंदिर परिसर में पौधरोपण करते सिसाय पुल चौकी प्रभारी कुलबीर सिंह, शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद वत्स व अन्य।

## धन्यवाद रैली | विधायक रणधीर पनिहार, डीसी तथा एसपी ने कार्यक्रम स्थल का किया दौरा

# सीएम सैनी के 26 को प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियों की समीक्षा

### सीएम के स्वागत एवं कार्यक्रम की तैयारियों में कोई भी कमी न रहने दी जाए : पनिहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के 26 अक्टूबर को प्रस्तावित हिसार दौरे को लेकर जिला प्रशासन की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा हैं। इसी क्रम में वीरवार को नलवा विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर पनिहार, उपायुक्त अनीश यादव तथा पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने नलवा स्थित पनिहार फार्म हाउस का दौरा कर तैयारियों की समीक्षा की।

विधायक रणधीर पनिहार ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नलवा विधानसभा हलके की धन्यवादी रैली को संबोधित करेंगे। यह रैली पनिहार फार्म परिसर में आयोजित की जा रही है। मुख्यमंत्री का यह दौरा नलवा क्षेत्र के लिए गौरव और अवसर दोनों लेकर आ रहा है। मुख्यमंत्री का आगमन विकास योजनाओं की प्रगति का प्रत्यक्ष आकलन करने और जनता से संवाद स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा।

विधायक ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री के स्वागत एवं कार्यक्रम की तैयारियों में कोई भी कमी न रहने दी जाए।



हिसार। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रस्तावित दौरे को लेकर कार्यक्रम स्थलों का दौरा करते विधायक रणधीर पनिहार, डीसी अनीश यादव तथा एसपी शशांक कुमार।

### सभी तैयारियां समयबद्ध पूरी करने के निर्देश

धन्यवाद रैली के लिए निर्धारित स्थल पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के उपरांत उपायुक्त अनीश यादव तथा पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने अधिकारियों के साथ गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले संत शिरोमणि नामदेव जयंती समारोह के दृष्टिगत प्रबंधों का जायजा लिया। उन्होंने मंच प्रबंधन, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा और स्वच्छता जैसी व्यवस्थाओं जायजा लिया तथा मौके पर ही जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त अनीश यादव ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कार्यक्रमों से संबंधित सभी तैयारियां समयबद्ध और सुचारू रूप से पूरी की जाएं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा, यातायात, पेयजल, बिजली, पार्किंग, सफाई तथा पंडाल प्रबंधन जैसी व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आगमन पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए तथा ट्रैफिक डायवर्जन योजना के अनुसार व्यवस्था बनाई जाए ताकि आमजन को परेशानी न हो।

रोचक / अभिव्यक्ति त्रिवेदी

# वाओ, इट्स अमेजिंग!

बच्चो, देश-विदेश में एक से बढ़कर एक सुंदर इमारतें बनाई गई हैं। इनमें से कुछ तो देखने में बहुत ही अजब-गजब हैं, वास्तुकला का अद्भुत नमूना हैं। इन्हें देखकर अनायास ही मुंह से निकलता है-वाओ, इट्स अमेजिंग! जानो, ऐसी ही कुछ अनोखी बिल्डिंग्स के बारे में।



### बिग बास्केट बिल्डिंग अमेरिका

**अमेरिका के** न्यूयॉर्क में एक अनोखी टोकरीनुमा इमारत है, इसे 'बास्केट बिल्डिंग' के नाम से जाना जाता है। इसका निर्माण लॉन्गबर्गर कंपनी ने वर्ष 1997 में किया था। यह बास्केट बिल्डिंग हाथ से बनी मेपल की लकड़ी की टोकरियों के प्रसिद्ध निर्माता लॉन्गबर्गर कंपनी का मुख्यालय रही है। विश्व की सबसे बड़ी बास्केट बिल्डिंग होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी इस बिल्डिंग के नाम है। इस 7 मंजिला इमारत में नेचुरल लाइट के लिए कांच की छत है। इसके ऊपर दो स्टील के हैंडल लगे हैं, जिनमें से प्रत्येक का वजन करीब 75 टन है। टोकरी के बड़े हैंडल सर्दियों में किसी भी तरह के नुकसान से बचाने के लिए गर्म रखे जाते हैं। इमारत पर दो टैग लगे हैं, जो लॉन्गबर्गर द्वारा बेची जाने वाली हर टोकरी पर लगे लेबल से मिलते-जुलते हैं। *



### साइबरटेक्चर एग बिल्डिंग भारत

**मुंबई में** स्थित जेम्स लॉ साइबरटेक्चर बिल्डिंग का डिजाइन अपने आप में बहुत अनूठा है। इस इमारत को हॉन्ग-कॉन्ग की एक फर्म ने डिजाइन किया है। 13 मंजिला यह कमर्शियल बिल्डिंग अंडे के आकार की है। इस इमारत को बनाने में कंक्रीट, स्टील और ग्लास का इस्तेमाल नहीं किया गया है। इसके ऑफिस का कैंपस 33,000 स्क्वेयर मीटर में बना हुआ है। तीन अंडरग्राउंड लेवल्स में 400 गाड़ियों के लिए पार्किंग स्पेस भी है। अपनी डिजाइनिंग के लिए ही नहीं, अपने एन्वॉयर्नमेंट फ्रेंडली स्ट्रक्चर के लिए भी यह इमारत प्रसिद्ध है। *

### बर्ड्स नेस्ट स्टेडियम चीन



**बीजिंग राष्ट्रीय** स्टेडियम, जिसे बर्ड्स नेस्ट यानी 'चिड़िया का घोंसला' के नाम से भी जाना जाता है। यह पूरी दुनिया में अपनी तरह की एक अनोखी संरचना है। यह चीन के बीजिंग के चाओयांग में ओलंपिक ग्रीन में स्थित एक स्टेडियम है। इस स्टेडियम की क्षमता लगभग 80,000 लोगों की है। यह वर्ष 2008 में बनकर तैयार हुआ था। इस स्टेडियम को खासतौर से 2008 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक और पैरालिंपिक के लिए डिजाइन किया गया था। *

### गिटार शेप्ड होटल अमेरिका

**अमेरिका के** दक्षिण फ्लोरिडा में स्थित गिटार के आकार का होटल, अपनी तरह का पहला होटल है। अक्टूबर 2019 में इसका निर्माण शुरू हुआ था। यह होटल 35 मंजिला है। यह गिटार होटल दक्षिण फ्लोरिडा में 450 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। दक्षिण फ्लोरिडा के पर्यटन क्षेत्र में इसका अनोखा स्थान है। इसमें 600 से ज्यादा कमरे हैं। रात में इसकी जगमगाती लाइट्स, गिटार के तारों जैसी लगती हैं। *



### बिग पाइनएप्पल ऑस्ट्रेलिया

**बिग पाइनएप्पल,** क्वींसलैंड, ऑस्ट्रेलिया के सनशाइन कोस्ट क्षेत्र के वूम्बी, नैंबोर कनेक्शन रोड पर स्थित एक आकर्षक दर्शनीय बिल्डिंग है। इसे पेडल वॉर्ड और हार्वे, पॉल लफ और गैरी स्मॉलकॉम्ब एंड एसोसिएट्स ने डिजाइन किया था। इसे सनशाइन प्लांटेशन के नाम से भी जाना जाता है। इसको 6 मार्च 2009 को क्वींसलैंड हेरिटेज रजिस्टर में शामिल किया जा चुका है। *



### हाई-हील वेडिंग चर्च ताइवान

**ताइवान के** बुदाई टाउनशिप में यह एक विशाल कांच का चर्च है, जो सिंड्रेला के कांच के जूते के आकार का है। यह हाई-हील वेडिंग चर्च महिला श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से 2016 में बनाया गया था। इसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा दुनिया की सबसे बड़ी हाई-हील के आकार की संरचना के रूप में प्रमाणित भी किया गया है। *



### नोंक पर टिका चर्च कनाडा


**कनाडा के** कैलेग्री में यह चर्च स्थित है। यह देखने में उल्टा लगता है। यह एक नोंक पर टिका हुआ चर्च है। कनाडा आने वाले पर्यटकों के लिए यह आकर्षण का केंद्र है। कनाडा के इस अनोखे चर्च का नाम 'डिवाइस टू रूट आउट डेविल' है। इसका मतलब शैतान या बुराई को जड़ से उखाड़ने के यंत्र से है। इसका निर्माण 2019 में हुआ था। *



बच्चो, किसी पहाड़ की ऊंचाई से गिरते हुए पानी को झरना यानी वाटर फॉल कहते हैं। ऊंचे पहाड़ों से जब तेज गति के साथ पानी गिरता है, तो यह दृश्य बहुत ही मनोरम लगता है। हम तुम्हें अपने देश के तीन सबसे ऊंचे झरनों के बारे में बता रहे हैं।

# देश के तीन फेमस हाईएस्ट वाटर फॉल्स

जानकारी
नयनतारा



बच्चो, झरना यानी वाटर फॉल किसी ऊंचाई से नीचे की तरफ गिर रहा पानी का एक नेचुरल फ्लो होता है। आमतौर पर झरना ऊंचे पहाड़, ऊंची चट्टान या चट्टानी ढलान से नीचे की तरफ गिरता है। जब झरने का यह पानी नीचे की तरफ गिरता है, तो बड़ा ही मनोरम लगता है। अपने देश में ऐसे बहुत से सुंदर-प्रसिद्ध झरने हैं, जिसे देखने देश-विदेश से पर्यटक आते हैं। इनमें से कुछ झरनों की विशेषताओं के बारे में यहां हम तुम्हें बता रहे हैं।

**दूसरा सबसे ऊंचा झरना:** बच्चो, देश का दूसरा सबसे ऊंचा झरना ओडिशा के मयूर भंज जिले के सिमलीपाल राष्ट्रीय उद्यान में स्थित है। यह बरेहीपानी नाम से जाना जाता है। यह झरना 399 मी. (1,309 फीट) की ऊंचाई से गिरता है। बरेहीपानी झरना देखने के लिए पर्यटकों को कोई परमिशन नहीं लेनी पड़ती। लेकिन चूंकि यह झरना सिमलीपाल नेशनल पार्क में स्थित है, इसलिए नेशनल पार्क में प्रवेश करने के लिए वन विभाग से परमिट लेना जरूरी होता है। यह परमिट पार्क के एंट्री गेट पर मिल जाता है।



**सबसे ऊंचा झरना:** कर्नाटक के शिवमोग्गा (शिमोगा) जिले के अगुंबे वर्षावन में स्थित कुंचिकल झरना भारत का सबसे ऊंचा झरना है। यह झरना 455 मी. (1,493 फीट) ऊंचा है और इससे गिरने वाले जल का मुख्य स्रोत कर्नाटक की वाराही नदी है। बच्चो, यह झरना कुंचिकल हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट क्षेत्र में स्थित है। यह स्थान प्रतिबंधित क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जहां बिना अनुमति के प्रवेश वर्जित होता है। पर्यटकों को यहां तक जाने के लिए कर्नाटक पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड से अनुमति लेनी पड़ती है।

**तीसरा सबसे ऊंचा झरना:** अपने देश का तीसरा सबसे ऊंचा झरना, पूर्वोत्तर राज्य मेघालय में चेरापूंजी के पास नोहकलिकई नामक झरना है, जो 340 मी. (1,115 फीट) ऊंचाई से गिरता है। इस झरने के व्यू प्वॉइंट तक जाने के लिए मेघालय पर्यटन विभाग को फिक्स एंट्री-फी देनी होती है। *



कविता / अरुण आदित्य

## खुशी



फूल टहनियों पर खुश रहते
तितली फूलों पर
चिड़ियां पेड़ों पर खुश रहतीं
बच्चे झूलों पर।
चांद आसमां में खुश रहता
मछली पानी में
पानी नदियां में खुश रहता
नदी रवानी में।
फुलवारी से फूल न तोड़ो
तितली को मत पकड़ो
चिड़ियों को आजादी प्यारी
पिंजरे में मत जकड़ो।
चांद पे झूला डाल के झूलो
नदियों को बहने दो
जिसको जहां खुशी मिलती है
उसे वहीं रहने दो।

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

## मिथकों से विज्ञान तक




हाल में किशोरों के लिए एक बहुत रोचक-ज्ञानवर्धक किताब आई है-मिथकों से विज्ञान तक। इसके लेखक हैं प्रसिद्ध वैज्ञानिक गौहर रजा। यह किताब तुम्हें कई सवालों के जवाब देगी जैसे कि ब्रह्मांड कैसे बना और समय के साथ उसमें क्या-क्या बदलाव आए? विज्ञान और मिथकों में क्या फर्क है? विज्ञान और धर्म एक-दूसरे के विरोधी हैं या पूरक? इस किताब में दुनिया भर के मिथकों के उदाहरण देकर विज्ञान की कसौटी पर उन्हें परखा गया है। किताब में ऐसे भी उदाहरण दिए गए हैं, जिससे तुमको मनोरंजन और ज्ञान दोनों मिलेगा। अगर तुम्हारी विज्ञान में रुचि है तो इस किताब को जरूर पढ़ना चाहिए। *

**किताब :** मिथकों से विज्ञान तक, **लेखक :** गौहर रजा,
**मूल्य :** 299 रुपए, **प्रकाशक :** पेंगुइन, स्वदेश

## जीके क्विज-176

1. साल 2025 में शांति का नोबेल पुरस्कार किसे मिला है?
2. भारत के वर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त कौन हैं?
3. संयुक्त राष्ट्र का मुख्यालय किस देश में स्थित है?
4. गुरुत्वाकर्षण की खोज किस वैज्ञानिक ने की थी?
5. विश्वनाथन आनंद का संबंध किस खेल से है?
6. गाजर में कौन सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
7. श्वेत क्रांति (व्हाइट रिवोल्यूशन) का संबंध किससे है?
8. भारत का दक्षिणतम बिंदु किस नाम से जाना जाता है?
9. भारत में सबसे पहले सूर्योदय किस राज्य में दिखता है?
10. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?



बच्चों, जीके क्विज-176 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-175 का उत्तर :** 1.लास्ज़लो क्रास्ज़नाहोरकाई, 2.स्वामी विवेकानंद, 3.कार्तिक, 4. प्रशांत महासागर, 5.गुजरात, 6.स्टेपीज, 7.दयानंद सरस्वती, 8.प्रकाश वर्ष, 9.पेरिस (फ्रांस), 10.बाल गंगाधर तिलक

**जीके क्विज-175 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, आशुतोष-रायपुर, कमल-बिलासपुर, राजन-भोपाल, शिखर-बालोद, जतिन-दिल्ली, कुसुम-बेमेतरा, प्रियांक-बलौदा बाजार, सोहम-कांकेर, अविनाश-गुना, राखी-दुर्ग

बूढ़े कछुए ने आरसी को बताया कि समुद्र में इंसानों द्वारा फेंका गया प्लास्टिक कचरा समुद्र और समुद्री जीवों के लिए बहुत घातक है। आरसी ने तय किया वह प्रयास करेगा, ऐसा ना हो। क्या आरसी अपने प्रयास में सफल हुआ?

# जल की पुकार





कहानी
कल्पना मनोरमा

कपड़े के थैले इस्तेमाल करें और प्लास्टिक भूल जाएं, तो समुद्री जीवों की जान बच सकती है, समुद्र जहरीला नहीं, साफ-सुथरा रहेगा।' बूढ़े कछुए ने दूसरे किनारे की ओर पड़े प्लास्टिक कचरे की ओर इशारा किया। आरसी ने देखा- एक छोटी मछली प्लास्टिक के बड़े टुकड़े में उलझकर तड़प रही है। पास ही एक कछुआ बेसुध पड़ा है। आरसी की आंखें भर आईं। उसने धीमे से पूछा, 'क्या इंसान नहीं जानता कि वह कुदरत को बिगाड़ रहा है?'

बूढ़े कछुए ने सिर हिलाया, 'कुछ जानते हैं, कुछ नहीं। लेकिन जब बच्चे सच बोलते हैं, तो बड़े भी सुनते हैं।'

आरसी ने गहरी सांस ली और बोला, 'मैं सभी की आवाज बनूंगा। मैं जल की पुकार बनूंगा।'

उस दिन से आरसी ने एक नया खेल खेलना शुरू किया। वह समुद्र किनारे जाकर चिल्लाता, 'सुनो, सुनो! जल कुछ कहता है—प्लास्टिक मत फेंको!'

शुरू-शुरू में बच्चे आरसी की इस गुहार पर हंसते, लेकिन धीरे-धीरे वे अपने खेल का सामान, खाना-पीना थैले में लेकर आने लगे। समुद्र में कुछ नहीं बहाते। समुद्र का किनारा साफ रहने लगा। एक दिन आरसी ने देखा- लहरें मानो ताली बजा रही हैं।

पानी के भीतर से मधुर स्वर गूंज रहा था- 'जल की पुकार सुनो, जीवों की रक्षा करो।'

आरसी ने बूढ़े कछुए को खोजकर अपनी सफलता बताई। बूढ़ा कछुआ मुस्कुराया, 'देखा, आरसी! यही असली बदलाव है। जब बच्चे सच बोलते हैं, तो बड़े भी सुनते हैं।'


आरसी उस रात चांद के साथ समुद्र के किनारे बहुत देर तक घूमता रहा। *



कहानी
प्रकाश मनु

धरती पर चमेली के फूल ऐसे ही नहीं खिले, इसके पीछे एक अजीबो-गरीब कहानी है, जो एक भोली-भाली लड़की के अद्भुत साहस की कहानी है।

# खिल उठे चमेली के फूल



एक थी चमेली। बड़ी ही सुंदर और भोली-भाली, लेकिन वह दिलेर भी कम न थी। गांव में जो काम कोई बच्चा नहीं कर पाता, उसे चमेली झट कर दिखाती। उसकी हिम्मत देखकर बच्चे ही नहीं, बड़े भी हैरान होते।

एक दिन, चमेली अपनी सहेलियों से बात कर रही थी। तभी किसी ने कहा, 'अगर इतनी ही होशियार हो तो क्या तुम अक्का बाबा का मोती ला सकती हो?'

'अक्का बाबा का मोती!' चमेली चकराई। अभी तक तो किसी ने यह सोचा भी नहीं था। कहते हैं, सैकड़ों बरस पहले सामने वाले पहाड़ की ऊंची चोटी पर रहते थे अक्का बाबा। उनके पास एक विचित्र मोती था। खूब बड़ा। नीचे धरती से उस मोती को देखने पर एकदम गोल-गोल चांद सरीखा लगता। अक्का बाबा कहा करते थे, 'यह खुशहाली का मोती है, पर इसे धरती पर ले जाना कोई खेल नहीं।'

सचमुच बहुतों ने कोशिश की, पर अक्का बाबा के उस मोती को कोई छू भी नहीं पाया। बड़ी ही कठिन चढ़ाई थी वहां की। पर चमेली ने सुना तो झट से बोली, 'हां-हां, क्यों नहीं?' और उसी समय चमेली ने पहाड़ पर चढ़ना शुरू कर दिया। शाम का समय था। चमेली तेजी से पहाड़ पर चढ़ती जा रही थी। कुछ देर में रात हो गई। सारे कबीले के लोग हैरानी से चमेली को देख रहे थे, जो सीधे खड़े पहाड़ पर बड़ी हिम्मत से चढ़ती जा रही थी।

वह पूनम की चांदनी रात थी। सब ओर चांदनी बिखरी हुई थी। इसलिए दुर्गम पहाड़ पर तेजी से चढ़ती चमेली हर किसी को नजर आ रही थी। सभी उसकी हिम्मत की दाद दे रहे थे। चलते-चलते चमेली आखिर पहाड़ की चोटी पर पहुंची। उसने अक्का बाबा का मोती उठाया और फौरन वापस नीचे की ओर चल दी। ऐसा लगता था, आसमान के चांद की तरह चमेली की हथेली पर भी एक चांद रखा है, जिसे लिए-लिए वह धरती पर आ रही है।

सुबह चमेली धरती पर आई, तो कबीले के लोगों ने हैरानी से देखा कि सांवले रंग की चमेली अब एकदम चांदनी जैसी उजली हो गई थी। पता नहीं, यह पूनम की चांदनी का असर था या फिर उस बड़े से श्वेत मोती का, जो अब चमेली के हाथ में था। पर जैसे ही चमेली ने वह अनोखा मोती अपनी सहेलियों को दिया, उनमें पहले उसे लेने की होड़ लग गई। और फिर न जाने कब वह धरती पर गिरा और टूट कर छोटे-छोटे टुकड़ों में बंट गया।

तभी एक और चमत्कार हुआ। लोगों ने देखा, चमेली अब अदृश्य हो चुकी थी और जहां वह मोती टूट कर गिरा था, वहां छोटे-छोटे सुंदर, महकते फूल खिल उठे थे। कबीले के लोगों ने उनका नाम रखा, चमेली के फूल। जहां-जहां उस कबीले के लोग गए, वहां-वहां पहुंचे चमेली के फूल और फिर एक दिन सारी धरती पर छा गए। *

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां फुटबॉल खेल रहे लड़कों के दो चित्र दिए गए हैं। इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें दो मिनट में ये पांचों अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट पांच अंतर खोजो।




उत्तर: 1. स्ट्राइकर (गोल करने वाला खिलाड़ी) की दोनों आंखें बंद हैं। 2.स्ट्राइकर की जर्सी का नंबर बदला हुआ है। 3.स्ट्राइकर के दाहिने पैर के जूते पर दो धारियां बनी हुई हैं। 4.ऊपर आसमान में बादल के दो टुकड़े दिख रहे हैं। 5.मैदान में आगे कम घास उगी हुई है।

## सही मिलान करो

बच्चो, नीचे बाईं तरफ कुछ चित्र दिए गए हैं। दाईं तरफ उन चित्रों की परछाई क्रमवार नहीं हैं। तुम पेंसिल या पेन की सहायता से प्रत्येक चित्र के साथ उसकी सही परछाई का मिलान करो।




उत्तर: 1-D, 2-C, 3-A, 4-B

## खबर संक्षेप

### पराली प्रबंधन पर प्रोत्साहन राशि दे रही है सरकार

**हिसार।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ राजबीर सिंह ने बताया कि विभाग की टीमों द्वारा किसानों को लगातार पराली को जलाने की बजाय उसका वैज्ञानिक ढंग से प्रबंधन करने बारे लगातार प्रेरित किया जा रहा है, ताकि पर्यावरण प्रदूषण को रोका जा सके और भूमि की उर्वरता बनी रहे। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा पराली प्रबंधन के लिए किसानों को 1200 रुपये प्रति एकड़ की दर से प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है।

### अन्नकूट पर बाजरा खिचड़ी का प्रसाद वितरित

**हिसार।** दिव्य देव स्थानम, सरसौद में अन्नकूट पर्व पर प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। मनोहर लाल ज्ञानी देवी जन कल्याण सोसायटी सरसौद के प्रधान मदन लाल गोयल ने बताया कि पं गणेश शास्त्री द्वारा गोवर्धन महाराज की पूजा अर्चना करवाई गई। सभी संस्थापक सदस्यों एवं गांव के सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना में भाग लिया। इसके बाद महाप्रसाद-हलवा, पूरी, सब्जी, कढ़ी, बाजरा खिचड़ी का वितरण किया गया।

### शहीदों की याद में किया गया पौधरोपण

**हिसार।** जिला पुलिस की ओर से 21 से 31 अक्टूबर तक पुलिस फ्लैग डे कार्यक्रम मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पुलिस लाइन हिसार में शहीद पुलिस कर्मियों की स्मृति में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों ने श्रद्धा और सम्मान के साथ पौधे लगाए और यह संकल्प लिया कि इन पौधों की तरह ही शहीदों की यादें भी सदैव जीवित रहेंगी।

### पब्लिक हेल्थ के कर्मचारी करेंगे विरोध प्रदर्शन

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्लूडी मैकनिकल वर्कर्स यूनियन की पब्लिक हेल्थ ब्रांच ने गेट मीटिंग की और उपमंडल अभियंता नंबर 1 की कर्मचारी विरोधी मानसिकता व कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं से जानबूझकर वंचित रखने का आरोप लगाया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान दीपक लोट ने की। गेट मीटिंग में निर्णय लिया गया कि 24 अक्टूबर को उपमंडल अभियंता के कार्यालय के समक्ष सांकेतिक प्रदर्शन किया जाएगा।

---

एचपीएचडब्लयू एसोसिएशन ने सिविल सर्जन के नाम सौंपा ज्ञापन

# एमपीएचई कल करेगा प्रदेश में ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार

**अधिकारियों पर ऑनलाइन कार्य का दबाव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। डॉ. सुभाष ख़तरेजा को ज्ञापन सौंपते बहुद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन ने बैठक कर जिला प्रधान विकास संदलाना की अध्यक्षता में हुई। बाद में एसोसिएशन ने 25 अक्टूबर से स्वास्थ्य विभाग में फील्ड व शहरी स्तर पर किए जाने वाले ऑनलाइन कार्य के बहिष्कार बारे सिविल सर्जन के प्रतिनिधि डॉ. सुभाष खतरेजा को ज्ञापन सौंपा। बैठक में जिला सचिव रविन्द्र पेटवाड़, कैशियर बजरंग सोनी, हेल्थ इंस्पेक्टर जितेन्द्र मलिक, प्रवीण कुमार, अमित कुमार, सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रधान विकास संदलना ने आरोप लगाया कि अधिकारियों द्वारा ऑनलाइन कार्य का दबाव बनाकर कर्मचारियों का मानसिक व तकनीकी शोषण किया जा रहा है तथा विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की ऑनलाइन रिपोर्टिंग के नाम पर एमपीएचडब्ल्यू वर्ग पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। पर्याप्त मानव संसाधन जैसे लैपटॉप,इंटरनेट और तकनीकी सहयोग उपलब्ध न कराए जाने के बावजूद कर्मचारियों से दिन-रात ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों तरह के कार्य करवाए जा रहे हैं।

### एमपीएचडब्ल्यू वर्ग मानसिक तनाव में : प्रदीप कुमार

जिला प्रेस प्रवक्ता प्रदीप कुमार ने बताया कि एमपीएचडब्ल्यू वर्ग मानसिक तनाव झेल रहा है, सरकार ने विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों के लिए अलग-अलग कर्मचारी नियुक्त किए हुए हैं इसके बाद भी अनमोल, निश्चय, एमसीडी, निरोगी हरियाणा, यूविन एनीमिया मुक्त भारत, आईएचआईपी, आशा पे ऐप, आभा कार्ड जनरेशन में उनकी ड्यूटी लगाई जा रही है। इन कार्यों के लिए लगाए गए कर्मचारियों की जवाबदेही तय नहीं की गई है। पूरा डाटा अपलोड और रिपोर्टिंग का बोझ एमपीएचडब्ल्यू वर्ग पर डाल दिया गया है। विभाग ने न तो हर जगह कम्प्यूटर ऑपरेटर नियुक्त किए है और न ही किसी प्रकार के तकनीकी संसाधन उपलब्ध करवाए है। फील्ड स्टाफ से निजी मोबाइल के द्वारा ऑनलाइन रिपोर्टिंग करवाई जा रही है जो कि उच्चतम न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन है, अगर सरकार ने समय रहते जल्द ही कोई ठोस समाधान नहीं किया तो संगठन द्वारा आगे की रणनीति बनाकर बड़ा आंदोलन किया।

---

# एनसीसी कैडेट्स ने लिया हथियार खोलने एवं बंद करने का प्रशिक्षण

- एनसीसी का मुख्य उद्देश्य कैडेट्स को जिम्मेवार नागरिक बनाना : पांडेय
- तृतीय हरियाणा कन्या बटालियन एनसीसी द्वारा हिन्दू पब्लिक स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। हथियार के बारे में जानकारी लेती एनसीसी कैडेट्स।

तृतीय हरियाणा कन्या बटालियन एनसीसी द्वारा हिन्दू पब्लिक स्कूल चौधरीवास में 10 दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण शिविर जारी है। शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत कैडेट्स ने प्रातः व्यायाम सत्र से की। इसके पश्चात उन्हें हथियार खोलने एवं बंद करने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान नेतृत्व के गुणों, राष्ट्रीय एकता के महत्व तथा नक्शों के प्रकारों एवं उनके उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

शाम के समय खेल प्रतियोगिता एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रस्साकस्सी में ओडीएम कॉलेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तृतीय हरियाणा कन्या बटालियन एनसीसी हिसार के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडेय ने बताया कि एन सी सी का उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व की भावना विकसित करना है। इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर से कैडेट्स में राष्ट्रभक्ति और जिम्मेवारी की भावना को सशक्त बनाते हैं।

---

# कार्रवाई के लिए डीसी और एसपी से मिला सिख प्रतिनिधिमंडल

- 17 अक्टूबर को सरदार सुखसागर के घर पर हुआ था हमला, पुलिस ने नहीं की कोई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। उपायुक्त व एसपी को शिकायत देने के लिए पहुंचे सिख समुदाय के लोग। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व मैंबर एवं गुरुद्वारा श्री सिंह सभा के पूर्व प्रधान जत्थेदार सरदार सुखसागर सिंह के डाबड़ा चौक स्थित आवास पर 17 अक्टूबर की रात्रि हुए हमले में पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। इसके विरोधस्वरूप सिख समाज के लोग उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक से मिले। स. सुखसागर ने बताया कि 17 अक्टूबर को 10-15 व्यक्तियों ने हथियारों सहित उनके घर पर हमला किया था। आरोपियों ने घर पर फायरिंग (गोलीबारी) की, गाली-गलौच की और परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी और घर की ओर आग के गोले छोड़े। इस संबंध में पुलिस को 17 अक्टूबर को ही शिकायत दे दी गई थी लेकिन अभी तक आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इसी संबंध में उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक से मिलकर कार्रवाई की मांग की। उपायुक्त व एसपी हिसार ने इस संबंध में कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया।

---

# बच्चों में मोबाइल फोन की लत एक गंभीर समस्या : यशवर्धन

- बच्चों की मोबाइल लत छुड़वा कर उन्हें खेलों तथा शिक्षा से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



अमित यशवर्धन, एसपी, हांसी।

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने कहा है कि बच्चों में मोबाइल लत एक गंभीर समस्या, जिसके आने वाले समय में शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक दुष्प्रभाव दुष्प्रभाव हो सकते हैं। माता-पिता को इस समस्या के प्रति जागरूक होना चाहिए और बच्चों को स्वस्थ मोबाइल उपयोग की आदतें सिखाने के लिए कदम उठाने चाहिए।बच्चों में मोबाइल का अधिक उपयोग नींद की कमी का कारण बन सकता है, जिससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके साथ मोबाइल की स्क्रीन से निकलने वाली हानिकारक किरणें आंखों को नुकसान पहुंचा सकती हैं। मोबाइल का अधिक उपयोग बच्चों को शारीरिक गतिविधियों से दूर कर सकता है, जिससे स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है। एसपी ने कहा कि मोबाइल का अधिक उपयोग बच्चों के ध्यान को भटका सकता है, जिससे उनकी पढ़ाई और अन्य गतिविधियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

### प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण

पुलिस अधीक्षक ने अभिभावकों से बच्चों की मोबाइल लत बचाव के उपाय बताते हुए कि माता-पिता को अपने बच्चों के मोबाइल उपयोग पर निगरानी रखनी चाहिए और उन्हें स्वस्थ मोबाइल उपयोग की आदतें सिखानी चाहिए। बच्चों के मोबाइल उपयोग को सीमित करना और उन्हें खेल व अन्य गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है। तथा बच्चों को मोबाइल के दुष्प्रभावों के बारे में शिक्षित करना चाहिए और इसके लिए उन्हें स्वस्थ मोबाइल उपयोग की आदतें सिखाना महत्वपूर्ण है।

---

# शिविर में आई रिश्वतखोरी व बिल अटकने की शिकायत

- शिविर में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों से दूरभाष पर बातचीत कर फटकार लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



हांसी। उपमंडल परिसर में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्या सुनते एसडीएम राजेश खोथ। फोटो : हरिभूमि

लघु सचिवालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में गुरुवार को भी लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को उठाया। इस दौरान उपमंडल अधिकारी एसडीएम राजेश खोथ ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और उचित कार्रवाई के आदेश दिए। समाधान शिविर में एसडीएम राजेश खोथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि समाधान शिविर में आने वाली जन समस्याओं का निवारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और प्रत्येक शिकायतकर्ता को उसके समाधान की जानकारी अवश्य दी जाए।

उमरा गांव निवासी अनूप ने अपने खेत में बिजली कनेक्शन के लिए रिश्वत मांगे जाने का आरोप लगाया। अनूप के अनुसार उसका खेत उमरा-पुट्ठी रोड पर हैं, जहां वह अपनी ढाणी में बिजली कनेक्शन गवाना चाहता है। लेकिन निगम कर्मचारियों ने उसकी फाइल पर दो बार 'नॉन रेजिडेंस ऑब्जेक्शन' लगाकर आवेदन रोक दिया। अनूप ने एसडीएम के समक्ष लाइनमैन पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया, जिस पर एसडीएम राजेश खोथ ने जांच के आदेश दिए।

### सभी विभागों के प्रमुख स्वयं आए शिविर में

एसडीएम राजेश खोथ ने सभी विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे समाधान शिविरों में स्वयं उपस्थित रहना सुनिश्चित करें, अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को समाधान शिविर में नहीं भेजें। उन्होंने आज के शिविर में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों से दूरभाष पर बातचीत कर फटकार लगाई और चेतावनी दी कि भविष्य में लापरवाही बरतने पर सख्त प्रशासनिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

---

# सड़क पर बिजली के पोल को नहीं हटाया तो करेंगे घेराव

- भारतीय किसान यूनियन ने बैठक में दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद



नारनौंद। बिजली निगम द्वारा सड़क के बीचो-बीच खड़े किए गए बिजली के पोल।

भारतीय किसान यूनियन की गांव मिर्चपुर में मीटिंग आयोजित हुई। जिसमें सर्व समिति से फैसला लिया गया कि एसडीओ नारनौंद के संज्ञान में देने के बाद भी मिर्चपुर से राजपुरा भैण की और जाते हुए सड़क पर तीन खंबे गड्ढे हुए हैं। यहां पर बीती रात को भी एक बाइक चालक का एक्सीडेंट हुआ है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। एसडीएम और एसडीओ नारनौंद को भी इसके बारे में ज्ञापन दे चुके हैं। पर प्रशासन कुंभकरण नींद में सोया हुआ है। इसकी तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है। हमारा प्रशासन को अल्टीमेटम है कि अगर एक सप्ताह के अंदर बिजली निगम इन तीन पोल को उखाड़ कर सड़क से बाहर नहीं करता तो किसान यूनियन निगम के एसडीओ कार्यालय का घेराव कर सड़क जाम करने का काम करेगी। जिसका जिम्मेवार प्रशासन होगा। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के नेता महेंद्र सिंह, जितेंद्र श्योराण, वीरेंद्र बॉबी, सुबे सिंह श्योराण, जिला प्रधान सतेंद्र कोथ, बिन्दर नंबरदार, प्रकाश लोहान, सतपाल लोहान, जयवीर लोहान आदि किसान नेता मौजूद रहे।

---

# अन्नकूट उत्सव कृतज्ञता, करुणा और साझा करने से मिलता है सुख : बजरंग

- अग्रोहा धाम में गोवर्धन पूजा व रात्रि को भजन संध्या का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। बाबा प्रयाग गिरी शिवालय मंदिर ट्रस्ट के प्रधान बजरंग गर्ग व अन्य प्रतिनिधि पूजा करते हुए।

बाबा प्रयाग गिरि शिवालय मंदिर ट्रस्ट व अग्रोहा धाम में गोवर्धन पूजा, अन्नकूट का प्रसाद व रात्रि को भजन संध्या शिवालय मन्दिर ट्रस्ट व शिक्षण संस्थान के प्रधान बजरंग गर्ग के नेतृत्व में हुआ। इसमें हजारों धर्म प्रेमियों ने भाग लिया। बजरंग गर्ग ने पूजा करने के उपरांत कहा कि अन्नकूट उत्सव कृतज्ञता, करुणा और साझा करने से सुख मिलता है। अन्नकूट का मुख्य उद्देश्य देवी अन्नपूर्णा को श्रद्धांजलि अर्पित करना व भगवान श्री कृष्ण जी का सम्मान करना है। भगवान इंद्रदेव के घमंड को खत्म करने के लिए भगवान श्री कृष्ण जी ने गोवर्धन पर्वत उठाने का काम किया। इसके बाद बृजवासियों ने मिलकर भोजन को बांटा और इस परंपरा की शुरुआत हुई। बजरंग गर्ग ने कहा कि गोवर्धन द्वारा भगवान इंद्र पर भगवान श्री कृष्ण जी की विजय का प्रतीक माना जाता है।

शिवालय मंदिर ट्रस्ट व अग्रोहा धाम अन्नकूट का प्रसाद लेने के लिए लंबी लाइन लगी हुई थी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नारायण दास बंसल, कैलाश चौधरी, रमेश लोहिया, सुरेंद्र सिंगला,ओम प्रकाश असीजा, सितेंद्र गोयल, जगत नारायण, डॉक्टर के के वर्मा, कृष्ण लाल बगड़ी, सत्यपाल असीजा, रमेश पटवारी, राजेंद्र बंसल, निरंजन गोयल, दीपक कुमार, सुनील शर्मा, मुनीष चावला, जगदीश प्रधान, राजकुमार असीजा आदि प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखें।

---

# जन सेवा समिति ने श्रद्धालुओं को अन्नकूट का प्रसाद बांटा





हिसार। न्यू ऋषि नगर में हवन करते व प्रसाद वितरित करते समिति के सेवादार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भगवान परशुराम जन सेवा समिति की ओर से न्यू ऋषि नगर स्थित ब्रह्म पाठशाला में गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य में अन्नकूट प्रसाद का वितरण किया गया। समिति के मुख्य संरक्षक एचके शर्मा की अध्यक्षता में गोवर्धन की पूजा कर हवन यज्ञ किया गया। मुख्य यजमान के रुप में पूर्व पार्षद पंकज दीवान व वेद प्रकाश शर्मा पहुंचे, फिर कढ़ी, खिचड़ी, सब्जी के प्रसाद का पेकिंग कर वितरण किया गया। इस बार पूरी के प्रचलन को बंद कर दिया गया। प्रसाद वितरण के मौके पर शिक्षाविद् अशोक शर्मा, समिति के संरक्षक विजय ढल, समिति के संस्थापक योगेन्द्र शर्मा, उपप्रधान बलवान शर्मा, पूर्व चेयरमैन सतपाल शर्मा, सत्यनारायण शर्मा एडवोकेट, छबीलदास, दीवीलाल कौशिक, दीपक ढल, सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

---

# जिला बार एसोसिएशन की दो टीमें लेंगी राज्यस्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग

- रेवाड़ी के बावल में आज से शुरू होगा क्रिकेट टूर्नामेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। टीमों को शुभकामनाएं देते बार एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य।

रेवाड़ी के बावल में 24 अक्टूबर से शुरू होने वाले राज्यस्तरीय अधिवक्ता क्रिकेट टूर्नामेंट में जिला बार एसोसिएशन की दो क्रिकेट टीमें टीम ए और टीम बी भाग लेंगी।

यह टूर्नामेंट अधिवक्ताओं के बीच आपसी भाईचारे, सौहार्द और खेल भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। टूर्नामेंट में भाग लेने से पूर्व जिला न्यायालय परिसर स्थित बार कक्ष में गुरुवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में बार अध्यक्ष संदीप बूरा, उपाध्यक्ष विकास पूनियां, सचिव समीर भाटिया, सह सचिव सुनील भारद्वाज, कोषाध्यक्ष सुनील सहदेव, वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं युवा अधिवक्ताओं सहित बड़ी संख्या में बार सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर बार अध्यक्ष संदीप बूरा व सचिव समीर भाटिया ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए जताया कि दोनों टीमें उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हिसार बार एसोसिएशन का नाम पूरे प्रदेश में गौरवान्वित करेंगी। दोनों टीमों के कप्तान उमेद सिंह बेनीवाल और नवीन ललित ने कहा कि वे पूर्ण निष्ठा, अनुशासन और खेल भावना के साथ मैदान में उतरेंगे।

---

## मेयर प्रवीण पोपली ने स्मॉग गन छिड़काव कार्य का किया शुभारंभ

# एक्यूआई में सुधार के लिए एंटी स्मॉग गन से छिड़काव

- वातावरण को स्वच्छ और प्रदूषण के स्तर को कम करना मकसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। एंटी स्मॉग गन से छिड़काव कार्य का शुभारंभ करते मेयर प्रवीण पोपली।

शहर में बढ़ते वायु प्रदूषण और एक्यूआई को नियंत्रित करने के उद्देश्य से मेयर प्रवीण पोपली ने शहर में स्मॉग गन के माध्यम से छिड़काव कार्य का शुभारंभ किया। इसका मकसद शहर के वातावरण को स्वच्छ बनाना और प्रदूषण के स्तर को कम करना है। मेयर पोपली ने कहा कि हाल के दिनों में शहर की सड़कों, पेड़-पौधों और इमारतों पर धूल के महीन कणों की मोटी परत जम गई है, जो न केवल वातावरण को दूषित कर रही है बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। उन्होंने कहा कि स्मॉग गन से पानी के सूक्ष्म कणों का छिड़काव किया जाएगा, जिससे पेड़ों और सड़कों पर जमी धूल हटेगी तथा वातावरण में मौजूद धूल के कण नीचे बैठ जाएंगे। इससे प्रदूषण के स्तर में कमी आएगी।

### नगर निगम ने तैयार किया विशेष शेड्यूल

*मेयर ने कहा कि इस कार्य के लिए नगर निगम द्वारा विशेष शेड्यूल तैयार किया गया है। शहर के विभिन्न इलाकों में चरणबद्ध तरीके से स्मॉग गन से फॉगिंग की जाएगी। शुरुआती चरण में दो स्मॉग गन का उपयोग किया जा रहा है, जिन्हें प्रदूषण से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में तैनात किया गया है। मेयर पोपली ने कहा कि प्रदूषण कम करने के लिए अन्य कदम भी उठाए जा रहे हैं, जैसे सड़क किनारे नियमित सफाई, पौधारोपण अभियान और निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण के उपाय।*

**ये रहेगा रूट प्लान**

रूट प्लान-1 में फव्वारा चौक से पृथ्वीराज चौहान चौक, फव्वारा चौक से आजाद नगर, कैंप चौक से अमरदीप कॉलोनी कैमरी रोड, डाबड़ा चौक से आधार अस्पताल तक तथा रूट प्लान-2 में फव्वारा चौक से सिरसा रोड, तुलसी चौक से फ्लाईओवर बरवाला चुंगी तक, जीजेयू से मिलगेट वाया पड़ाव चौक का एरिया आएगा।